चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3631
दिनांक : 27.05.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय संख्याः पी0ए0/3549 दिनांकः 10.04.2021, पत्रांकः–पी0ए0/3555 दिनांक 13.04.2021 एवं पत्रांकः–पी0ए0/3574 दिनांक 17.04.2021 के द्वारा आपके महाविधालय/संस्थान के परिक्षेत्र के अर्ह लोगों को (जो कि 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं), कोविड–19 वैक्सीनेशन लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रेरित करने एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों के शिक्षकों, छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों को वर्क फोर्स बनाये जाने तथा उसकी सूचना गूगल फार्म पर भरकर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था। परन्तु कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों के द्वारा उपरोक्त सूचना उपलब्ध नहीं करायी जा रही हैं। जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी हैं।

उक्त के क्रम में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोविड–19 वैक्सीनेशन लगाये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों तथा मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने महाविधालय/संस्थान के परिक्षेत्र के अर्ह लोगों को जो कि 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं तथा दिनांक 01 मई, 2021 से 18 वर्ष से अधिक आयु के अर्ह लोगों को कोविड–19 वैक्सीनेशन लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रेरित करने तथा अपने महाविद्यालय/संस्थानों के शिक्षकों, छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों इत्यादि द्वारा गठित वर्क फोर्स द्वारा किये गये प्रयासों की सूचना (संख्यात्मक विवरण सहित) विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक **https://forms.gle/6cG9nnN7vbbnHeTLA** पर अपलोड करते हुये उसकी सूचना प्रतिदिन अपराहन 03:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी की मेल आई0डी0 **registrar@ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

27.5.2021

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
04. प्रभारी, वेबसाइट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव